Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 01-06-2023 अंक 581

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com


## न्यूज ब्रीफ

### बरही प्रशासन ने अवैध बालू से लदा चार ट्रैक्टर किया जब्त



**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रशासन ने गुरुवार सुबह अवैध बालू से लदा चार ट्रैक्टर जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही पुलिस को सूचना मिली थी की अवैध बालू से लदा चार ट्रैक्टर धनबाद रोड से होकर बरही की और जा रही है। जिसको लेकर बरही पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर चार ट्रैक्टर जब्त किया है। हालांकि इस दौरान चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। घटना को लेकर बरही थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह बताया की जब्त ट्रैक्टर की सूचना खनन पदाधिकारी को दे दी गई है।

### मुंबई जाने को ट्रेन से निकला बुजुर्ग रास्ते से लापता



**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

विष्णुगढ़ से मुंबई जाने को ट्रेन से अपने परिजनों के साथ निकला बुजुर्ग रास्ते से लापता हो गए। 64 वर्षीय बुजुर्ग चमन मिस्त्री प्रखंड के सिरैय गांव के रहने वाले हैं। इसे लेकर बुजुर्ग की बहू मुन्नी देवी ने विष्णुगढ़ थाना में लिखित आवेदन देकर पता लगाने की फरियाद की है। कहा है कि 29 मई को ससुर चमन मिस्त्री, सास मीना देवी तथा गांव के अन्य तीन लोग मुंबई जाने के लिए निकले। हजारीबाग रोड स्टेशन से मुंबई मेल ट्रेन पर सवार हुए। यात्रा के दौरान जबलपुर तथा इटारसी स्टेशन के बीच वे लापता हो गए। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चल पाया। इस घटना के बाद परिजन काफी चिंतित हैं। परिजनों ने सोशल मीडिया में भी तस्वीर जारी कर लोगों से खोजबीन करने की गुहार लगाई है।

### प्रबुद्ध एवं पत्रकार संघ शादी समारोह में हुए शामिल



**अपेम लाइव: बडकागॉव**

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत डाड़ी कला पंचायत के चेपा खुर्द गांव निवासी पत्रकार बिक्की करमाली की बहन माया कुमारी की शादी समारोह में बड़कागांव पत्रकार संघ के दर्जनों पत्रकार शामिल होकर शुभ आशीर्वाद दिया। इस दौरान पत्रकारों के द्वारा संयुक्त रूप से उपहार भेंट किया गया। वहीं विधायक अंबा प्रसाद भाई अंकित राज, रोहित सिंह ,पदूम साहू ,पंकज साहू, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, साहिद उर्फ सोनू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, आगंतुक अतिथि भी शामिल हुए एवं उपहार दिए। मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी, दीपक सिन्हा, संजय सागर, रितेश ठाकुर, अमित मालाकार, शमशेर आलम, पिंटू खान , रंजीत साव, रियासत हसन,शिवनारायण साहू, बिरेंद्र कुमार, आरिफ वकार,राजेश कुमार, संजय राम के अलावा कई जनप्रतिनिधि प्रबुद्ध गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# राजपुर पुलिस को नशे के सौदागरों के विरुद्ध मिली बड़ी सफलता

## नकली मिनी शराब फैक्ट्री का किया गया उदभेदन, बड़ी मात्रा में शराब की बोतलें,ढक्कन एवं स्प्रिट हुआ बरामद






**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : चतरा आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर राजपुर पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। चतरा आरक्षी अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के बसरिया टांड़ टोला में अवैध मिनी शराब नकली शराब की फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। जिसके बाद राजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। बुधवार को राजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में राजपुर गांव के पश्चिम दिशा में बसरियाटांड़ नामक टोला में एक व्यक्ति के घर से मिनी शराब नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का उदभेदन किया। जिसमें शराब बनाने में शामिल माफिया राजपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार दांगी, पिता जोगेश्वर दांगी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बरामद सामानों में 449 शराब की खाली बोतलें लगभग 40 लीटर शराब बनाने वाले कच्चा स्प्रिट विभिन्न कंपनियों के लगभग 260 विदेशी शराब का ढक्कन एवं लगभग 4 लीटर शराब में प्रयुक्त किए जाने वाले रंग को पुलिस ने बरामद कर थाना ले आई। इसकी जानकारी राजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार गुरुवार को प्रेस क०न्फ्रेंस कर राजपूत थाने में दी। उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उग्रवाद एवं अपराधी के बाद नशा के सौदागरों को सलाखों के पीछे भेजना मेरा मुख्य उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि शराब माफियाओं या अफीम माफियाओं को किसी भी सूरत में पुलिस नहीं बख्शेगी। उन्होंने अवैध शराब बनाने वालों से कहा कि शराब के अवैध कारोबार में शामिल माफिया स्वतः शराब बनाने वाली सामान के साथ शराब माफिया सिलेंडर बोल दें नहीं तो पुलिस यदि पकड़ी तो उन्हें विधि संगत कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत उन्हें जेल भेज देगी। इधर पुलिस के इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।बताते चलें कि राजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में गुप्त रूप से पहले कई जगह शराब बनने की सूचना पुलिस को मिल रहे थी। इस अभियान में एएसआई शिव कुमार साह एवं जिला बल के जवान शामिल थे। पहले भी राजपुर बाजार से नकली शराब बनाने में प्रयुक्त सामान के साथ कई युवक जेल जा चुके हैं।हालांकि थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब बनाने वाले को जेल भेजेंगे ही क्षेत्र को नशा मुक्त भी करवाऊंगा।

# पिकअप व ट्रक में टक्कर, चार गंभीर, रिम्स रेफर

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : सदर प्रखंड के करकट स्थित पेट्रोल पम्प के पास शाम के सात बजे ट्रक और पिकअप की आमने सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए हैं जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।वहीं पिकअप में सवार आठ बकरियों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन पलामू से बकरी लेकर रांची जा रही थी, जबकि विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से टक्कर हो गई। इसमें अरशद अंसारी उग्र 32 वर्ष पिता अख्तर अंसारी, सोनू कुरैशी उग्र 35 वर्ष पिता कुलाम कुरैशी, साबिर कुरैशी उम्र 30 वर्ष और नसीर कुरैशी उग्र 25 वर्ष सभी रामगढ़ के रहने वाले हैं इस घटना में घायल हुए हैं। इनमें साबिर कुरैसी और नासिर कुरैसी की हालत नाजुक बनी है, जबकि सोनू और अरशद को पेर टूट गया है। घटना के संबंध में बताते हुए एएसआई गौरव सिंह ने बताया कि हमें सुचना मिली की करकट में एक सड़क दुर्घटना हो गई है। मौके पर पहुंचने पर पिकअप के ड्राईवर फंसा हुआ था जिसे कटटर मशीन से काटकर बाहर निकाला गया और सभी प्राथमिक इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सक डॉक्टर अखिलेश्वर कुमार ने इन सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।वहीं घटना के बाद ट्रक का ड्राइवर घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस दोनो गाड़ियों को अपने कब्जे में लेकर अग्रेतर कार्रवाई करने में जुट गई है।




सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## नवविवाहिता का फंदे से झूलता मिला शव, मृतिका के परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**अपेम लाइव : बरही**



चौपारण प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर में महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फ़ैल गई है। प्राप्त जानकारी के मृतिका फरजाना खातून उम्र 18 वर्ष पिता मो लतीफ अंसारी रसोइया धमना निवासी की शादी जगदीश. पुर निवासी शमशाद खान के साथ 16 मार्च 2023 को मुस्लिम रीति – रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। लेकिन शादी के कुछ महीना बाद ही गुरुवार को फरजाना का शव फंदे से लटका हुआ मिला। जब इस बात की जानकारी मृतिका फरजाना के परि. जनों को मिली तब वह तुरंत अपनी बेटी का ससुराल जगदीशपुर पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी बेटी का शव फंदे से लटका हुआ देखा। वहीं मृतिका के परि. जनों ने आरोप लगाया है की ससुरालवालों ने उनकी बेटी की हत्या कर दी। इसके बाद इसको आत्महत्या दिखाने के लिए मेरी बेटी के ससुरालवालों ने शव को फांसी के फंदे से लटका दिया। वहीं चौपारण पुलिस ने मृतिका के शव को बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जहां से कागजी प्रक्रिया पूरा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। हालांकि चौपारण पुलिस ने मृतिका के पति शमशाद खान को गिरफ्तार कर लिया है।

## पंचमाधव : प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का किया गया आयोजन, एसडीओ हुई शामिल

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत सचिवालय में गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बरही एसडीओ पूनम कुजूर भी शामिल हुई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा की ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार बरही प्रखंड के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लंबित लक्ष्य को पूरा करने की कवायद तेज हो गई है। जिसको लेकर हर गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बीडीओ सी.आर. इंदवार ने कहा की विभागीय अधिक. ारियों के निर्देशानुसार सभी लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना को 30 जून तक पूरा किया जाना है। अगर कोई लाभुक समय से आवास का निर्माण कार्य पूरा नहीं करता है तो वैसी स्थिति में लाभुक पर नोटिस जारी कर पैसे की रिकवरी कर ली जाएगी। इस दौरान मौके पर मुखिया नीलम देवी, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंसस सुमिया देवी, पंचायत सचिव नेमधारी महतो, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, प्रखंड समन्वयक विजय कुमार, कमलेश भारती, वार्ड सदस्य मीना देवी, वार्ड सदस्य सुजीत कुमार एवं निशु कुमारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## भीम आर्मी के सहयोग से प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा दुल्महा, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

**अपेम लाइव : बरही**



रोते बिलखते परिजन

भीम आर्मी के हस्तक्षेप के बाद दुलमहा निवासी राजन दास का शव पांच दिन बाद गुजरात से बरही दुलमाहा पहुंचा। ज्ञात हो की 27 मई को गुजरात में संदिग्ध हालात में उनकी मौत हो गई थी। राजन दास गुजरात के अहमदाबाद जिला के मेसना के हाय गणेश स्टील प्लांट में काम करता था। वहीं संदिग्ध हालत में उनकी मौत हो गई थी। उल्टा कंपनी के मालिक यह कहकर शव आने नही दे रहा था की उन्होंने कंपनी से एडवांस लिए हुए था। इसकी जानकारी बरही भीम आर्मी द्वारा गुजरात भीम आर्मी को दिया गया। गुजरात भीम आर्मी अध्यक्ष देवेंद्र मखाना के हस्तक्षेप के बाद शव को बरही लाया गया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। शव के आते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। मृतक घर का एक मात्र कमाऊ युवक था। शव यात्रा में भीम आर्मी से जुड़े कार्यकर्ता शामिल हुए और हर संभव मदद का आश्वासन दिए। मौके पर भीम आर्मी बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव जिला सचिव राहुल अम्बेडकर अनिल कुमार राजेश जितेंद्र कुमार कुमार दशरथ रविदास गोपी दास किट्टू दास रामदेव रविदास डमरू कुमार अशोक दास दिनेश कुमार नकुल दास बसंत मनोज जागेश्वर तुलसी गणेश अरुण मुकेश आदि सेकड़ो महिला पुरुष उपस्थित हुए।

## चेपाकला में मंडा पूजा धूमधाम से संपन्न सैकड़ों लोग मेला देखने पहुंचे









**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : प्रखण्ड के अंतर्गत चेपाकला पंचायत में मंडा पूजा 300 वर्षो से मनाने का परंपरा चला आ रहा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडा पूजा की गई। भक्तजन स्नान ध्यान,धूरलोटन,आदि करते हुए 31 मई को रात्रि में भक्तियों ने आग के दहकते अंगारे में चलकर अपने भक्ति आस्था का परिचय दिया और पूजा अर्चना की एवं अपने क्षेत्र की सुख समृद्धि शांति की कामना किया ।वही बुधवार रात में मेला और झारखंड के जाने माने नागपुरी सुपरस्टार इग्नेश,नितेश कच्छप, एवं चिंता देवी का सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। जिसमें दर्शक खूब झुमें व मेले व नागपूरी गीत संगीत का लुत्फ उठाये। सुबह एक मई को सूर्योदय के समय लगभग 40 फिट ऊपर लट्ठे के झूले में भक्तो ने परिक्रमा किया और क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना किए, इस दौरान भक्तजनों ने प्रसाद स्वरूप आस्था का फूल बरसाये जिसे लपकने के लिए लोगों होड़ सी मची हुई थी। फूल को प्रसाद स्वरूप पाकर अपने अपने घरों में रखेंगे ऐसी मान्यता है कि इससे धन सम्पत्ति की वृद्धि होती है और सुख शांति बना रहता है। भक्तियां में मुख्यरूप से पटबजनिया अनीप तूरी,पटभकिया शंकर करमाली, फुलभक्तिया पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक ,भक्तियां प्रबील महतो, बालेश्वर तूरी,महेश महतो व अन्य लोग शामिल थे।

## सुनहरे – सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : रमेश ठाकुर

**अपेम लाइव : बरही**



बरही : भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने पर्यावरण असंतुलन पर गहरा चिंता जताते हुए कहा है की विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून पर ही नही, पर्यावरण संरक्षण की चिंता हर पल करनी चाहिए तभी मनुष्य की भलाई है। अगर मनुष्य समय रहते नही चेता तो प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण में देरी मानवता के सुरक्षित भविष्य के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। आदिकाल से ही पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य का गहरा संबंध रहा है। पिछले कुछ दशकों में भौतिक विकास में अचानक तेज़ी आई है। जो हमारे पर्यावरण स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नहीं है। पर्यावरण की गुणवत्ता में गिरावट का होना पृथ्वी के लिए गंभीर खतरा का विषय है। आज मानव जीवन पृथ्वी पर ही संभव है। इसीलिए। हमे धरती मां को बचाने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। प्रकृति व पर्यावरण के संरक्षण से ही प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सकता है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करना प्राणी के जीवन में अप्रत्याशित विपत्तियों को आमंत्रित करना है। जिसको लेकर उन्होंने प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए सभी से एक – एक पेड़ लगाने का अपील किए है।






## किसान गोष्ठी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : गारू प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम में मिशन लाइफ पर्यावरण पूरक जीवन पद्धति अभियान विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण के संरक्षण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने अन्य लोगों को भी पौधारोपण उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने वन्य प्राणियों को नुक्सान नहीं पहुंचाने ,गांव- घर को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान देने और प्लास्टिक के उपयोग में कमी करने की जानकारी दी गई। कम जमीन और कम खर्च में अधिक पैदावार कर आय में वृद्धि कैसे किया जाये उच्च प्रभेद का बीज का चयन , मोटे अनाज का खेती करना ऊर्जा की बचत कैसे किया जा सके एवं पानी की बचत स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के संबंध में प्लास्टिक का कम इस्तेमाल करना , ई वेस्ट एवं अपशिष्ट को कम करना , सतत खाद्य प्रणालियों को अपनाना इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारियां दी गई । कार्यक्रम में सहायक तकनीकी प्रबंधक जितेन्द्र कुमार सिंह एवं बिरसा किसान उपस्थित रहे।

## टेट पास सहायक अध्यापक सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ करेंगे आंदोलन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में गुरुवार को टेट पास सहायक अध्यापकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी सहायक अध्यापकों ने राज्य सरकार के वादाखिलाफी से नाराज नजर आए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव और प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य अरविंद कुमार चंद्रवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि आने वाले 3 महीनों में सभी पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जाएगा पर सरकार बने 3 साल से ज्यादा हो गया है और सरकार हमारे साथ वादा खिलाफी करने का कार्य कर रही है जिससे हम सभी आहत हैं।कहा कि अब सभी टेट पास सहायक अध्यापक सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया है जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी। मौके पर जिला अध्यक्ष घनश्याम कुमार चंद्रवंशी, जिला सचिव नंदकिशोर प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, लल्लन यादव, जिला संरक्षक निर्मल यादव, संयोजक प्रमोद यादव, संगठन मंत्री राजेश प्रसाद गुप्ता, मीडिया प्रभारी हरिओम प्रसाद, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष ललन कुमार यादव, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनीष पांडे, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष संजीत प्रसाद, हेर. हंज प्रखंड अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, बारियातू प्रखंड अध्यक्ष अमरेश यादव ,बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह, गारू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कश्यप समेत अन्य मौजूद रहे।






## जनसंवाद यात्रा का व्यापक राजनीतिक असर, हर तरह होने लगी है स्थानीय मुद्दों की चर्चा

### जनता की एक आवाज, हमें चाहिए स्थानीय नेता

### झारखंडियों के भोलेपन का गलत लाभ उठाया जा रहा है : संजय मेहता

**अपेम लाइव : बरही**



बरही से शुरू हुई जनसंवाद यात्रा ने अपना व्यापक असर दिखाना शुरू कर दिया है। गाँव -गली में आवाज गूंजने लगी है। चौक चौराहा पर जनसंवाद यात्रा की चर्चा जोरों पर है। जिस इलाके में पहले कभी स्थानीय मुद्दों की चर्चा तक नहीं होती थी आज वहां स्थानीय मसले चर्चा के केंद्र में हैं। जनसंवाद यात्रा के शुरू होने के बाद से अब 1 माह का वक्त गुजर चुका है। पिछले एक माह में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अलग-अलग इलाकों में जाकर जनता को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। जनसंवाद यात्रा के संदर्भ में बताते हुए संजय मेहता कहते हैं कि हम लोगों ने यह बीड़ा उठाया है कि जनता को जागरूक करेंगे। हमारे इलाके में राजनीतिक चेतना का अभाव है एक बड़ी आबादी शोषित और पीड़ित है। युवा आबादी का पलायन हो जा रहा है। रोजगार और शिक्षा जैसे विषय राजनीति के केंद्र में नहीं है। नफरत और केस मुकदमे की राजनीति इस इलाके की पहचान बन गई है। ऐसे में यह बेहद जरूरी था कि जनता को जागरूक किया जाए। हम लोगों को जनता का अपार साथ मिल रहा है । उरवां मोड में आयोजित जन संवाद यात्रा के तहत सभा में झारखंड के स्थानीय मसलो पर विचार व्यक्त किया गया। कहा गया कि स्थानीय नीति, नियोजन नीति और पुनर्वास नीति झारखंड के भीतर नहीं बनने के कारण एक बड़ी आबादी परेशान है। यहां के लोगों का हक लूटा और छीना जा रहा है। ऐसे में आखिर झारखंड के लोग कहां जाएंगे इन सवालों पर सोचना होगा। गौर करना होगा। भुवनेश्वर यादव ने कहा कि माटी का कर्ज चुकाने के लिए यहां के लोगों को मैदान में उतरना होगा। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि बरही की धरती को बचाने के लिए आज से अभी से इसी वक्त से एक नया संकल्प लेने की जरूरत है। जब तक हम संकल्प नहीं लेंगे तब तक हम अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर वातावरण नहीं तैयार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा जैसे सवाल पर हमारे इलाके में ढंग के शैक्षणिक संस्थान भी नहीं है। ऐसे में हमारे बच्चे कहां पढ़ेंगे। इन सवालों पर गौर करने की जरूरत है। मंच का संचालन करते हुए रवि सोनी ने कहा कि बरही को अब बदलाव की जरूरत है। साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र को भी बदलाव की जरूरत है। बाहरी तत्व के द्वारा अपने क्षेत्र को बर्बाद होते हुए नहीं देखा जा सकता। इस दौरान सभा में महेश रजक, अरूण यादव, रविन्द्र यादव, देवधारी यादव, विकास यादव, मोहम्मद अनवर, सैयद इबरार, सैयद समशुद्दीन, सरयु प्रसाद कुशवाहा , जगदीश राम, सुरेश यादव, रामदेव यादव, पप्पू कुमार यादव, मंगल यादव, दामोदर यादव, शिवशंकर यादव, सिताराम मोदी,राजेन्द्र चौधरी, जागेश्वर यादव ईश्वर राम, संतोष यादव, पिन्टु यादव, सिताराम यादव, तुलसी रविदास, मोहम्मद बब्लु, राजु यादव समेत सैकडों झारखंडी मौजूद थे।

## क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए गायत्री परिवार के सदस्यों ने किया हवन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर बड़कागांव राम जानकी मंदिर में क्षेत्र की सुख, समृद्धि एवं शांति के लिए गायत्री परिवार के द्वारा एक दिवसीय यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यज्ञ कार्यक्रम में दर्जनों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत हवन की गई। यज्ञ कार्यक्रम हजारीबाग के पुरोहितों द्वारा संपन्न किया गया जिनमें हजारीबाग शक्तिपीठ के जिला समन्वयक ब्रजकिशोर सिन्हा एवं संगीत व हवन कार्यक्रम अमन गुप्ता के द्वारा संपन्न कराया गया। बड़कागांव गायत्री परिवार के द्वारा हर माह हवन करने का निर्णय लिया गया। यज्ञ को सफल बनाने में मुख्य रूप से पिंटू गुप्ता, इंग्लेश सोनी, संतोष ठाकुर, राजेंद्र सिंह, निशा सिंह, संतोष सोनी, अरविंद सोनी, सुनीता कुमारी, आशा वर्मा, आकांक्षा कुमारी, रेनू देवी, मोनी देवी, सुनीता देवी, माधुरी कुमारी, शिवम कुमार, दीपिका कुमारी, प्रतिमा देवी, रीमा देवी, सरस्वती कुमारी, अंकित जायसवाल, दिव्या सोनी, नीलम वर्मा, पम्मी वर्मा के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

# सफलता का स्वर्णिम इतिहास गढ़ता सरकारी विद्यालय

**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : उग्रवादियों के गढ़ से जाना जाने वाला एकीकृत बालूमाथ प्रखंड शिक्षा के क्षेत्र में जिला में एक विशिष्ट पहचान बना रहा है । अब यह शिक्षा का गढ़ बनता जा रहा है । यहां के शिक्षण संस्थान मौजूदा भौगोलिक बनावट की वजह से हमेशा से उपेक्षा और बदहाली का शिकार हुआ करता था । लेकिन विगत कुछ वर्षो से विद्यार्थियों ने माध्यमिक और इंटर की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे जिले सफलता का परचम लहराया है। इनमें राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय (इंटर कॉलेज) बालूमाथ का नाम अव्वल है । विद्यालय ने उम्दा प्रदर्शन कर पूरे जिले में एक स्वर्णिम इतिहास गढ़ने में कामयाबी हासिल किया है । शिक्षा के क्षेत्र में जिले का अग्रणी माना जाने वाला महुआडांड़ प्रखण्ड को भी पीछे छोड़ दिया है । वर्ष 1957 में स्थापित इस विद्यालय ने साबित कर दिया है कड़ी मेहनत, लगन और नेक इरादों के बदौलत बंजर भूमि पर भी फूल उगाया जा सकता है ।इस वर्ष झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित माध्यमिक और इंटर की परीक्षा में बच्चों ने जिले में टॉप दस में अपनी जगह बनाकर सफलता की नई कहानी लिख डाला है । माध्यमिक परीक्षा में रिशु राज ने 472 अंक के साथ जिले में छठा स्थान बनाया। इंटर में सभी संकायों में यहां के विद्यार्थियों का जिले में दबदबा रहा । साइंस संकाय में जगदीश यादव ने 435 और पुष्पांजलि कुमारी ने 429 अंक के साथ जिले में क्रमशः छठा और आठवां स्थान हासिल किए । आर्ट्स संकाय में प्रतिमा कुमारी ने 441, बिट्टू कुमार ने 430, शिफा परवीन ने 429 तथा आफरीन परवीन ने 422 अंक के साथ जिले में क्रमशः दूसरा, छठा, सातवां



और दसवां स्थान बनाया । कॉमर्स संकाय में जिले में टॉप पांच में तीन यहां के विद्यार्थी हैं । उनमें दिलीप कुमार भोगता 449 अंक के साथ प्रथम रहा जबकि नेहा कुमारी 445 और प्रीति कुमारी 440 अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रही । विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक निजामुद्दीन अंसारी ने बताया कि वर्ष 2010 और 2013 में नवनियुक्त शिक्षकों के आने से अभिभावकों के चेहरे में उम्मीदों की खुशी स्पष्ट झलक रही थी। वे आशावान थे कि अब विद्यालय की तकदीर बदलेगी । यहां के शिक्षकों ने पूरी लगन, निष्ठा, समर्पण और तन्मयता के साथ विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाने का प्रयास किया है। वर्षो की उनकी मेहनत रंग लाई है । विगत कई वर्षो से इसका परिणाम देखने को मिल रहा है । बच्चों के अभिभावकों ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय सभी सम्मानित शिक्षकों को दिया है। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रूबी बानो का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बशर्ते उनके अन्दर पढ़ाई के प्रति एक जुनून और जज्बा हो । शिक्षकों, अभिवावकों और बुजुर्गों का आशीर्वाद व उचित मार्गदर्शन सफलता की बुलंदियों तक पहुंचा सकता है । गरीबी का दंश झेल रहे यहां के बच्चे संघर्ष और जीत की तमाम कहानियां लिखने के काबिल हैं । उन्होंने बेहतर रिजल्ट के शिक्षकों के संयुक्त प्रयास की प्रशसा की । विद्यालय पूर्व अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण कई मां-बाप अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम व निजी विद्यालयों में भेज नहीं पाते हैं । ऐसे में यह विद्यालय तमाम बच्चों के लिए ऑक्सफोर्ड, डीएवी और सेंट जेवियर्स साबित हो रहा है । बताते चलें की राज्य के कृत प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ प्रमंडल का सबसे बड़ा स्कूल है वर्ष 2023 में विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या सवा तीन हजार के करीब है । पिछले चार-पांच वर्षों में विद्यालय को व्हाइट बोर्ड, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास जैसे आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित करने का प्रयास किया गया है । इसका सकारात्मक परिणाम सामने आता दिख रहा है । विद्यालय का नया रंग-रोगन एवं मुख्य प्रवेश द्वार के सामने सुंदर फुलवारी अधिकारियों का ध्यान बरबस अपनी और खींच लेता है । आकर्षक और मनोहर दिखने वाला गार्डन शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बन चुका है । हरा-भरा स्कूल कैंपस दिखने में कोई निजी विद्यालय से कम नहीं लगता है । विद्यालय की समस्याओं को यदि गिना जाए तो उनमें शिक्षकों और क्लास रूम की घोर कमी प्रमुख है ।

## हरली बनस पूजा में भक्तों ने पीठ में कील के सहारे 40 फीट ऊंचे लट्ठे से की परिक्रमा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : प्रखंड के हरली में मंडा पूजा का आयोजन किया गया इसमें 21 भक्तिओं ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर एवं अपने पीठ पर कील छेदवाकर 40 फीट ऊंचे लट्ठे से परिक्रमा करते हुए फूल बरसाए। जिसमें मेले में आए श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वाद के रूप में फूल प्राप्त किए। इस दौरान मेले में विभिन्न तरह के झूले एवं स्टाल भी लगाए गए थे। वहीं मेले में रात्रि को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी, केंद्रीय



कुशवाहा समाज के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, मुखिया कविता देवी, पंसस कोशीला देवी एवं मंचासीन अतिथियों के द्वारा फीता काटकर मंच का उद्घाटन किया। वही रात भर भजन गायक अमित सिन्हा एवं पवन पांडे के भक्ति जागरण ग्रुप के द्वारा रात भर श्रद्धालुओं के बीच एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुति दी गई। जिससे रात भर भक्त झूमते नजर आए। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि सुनीता देवी ने कहा कि माँ पार्वती की शक्ति और भोलेनाथ की आराधना के इस पावन पर्व लोगों मे भक्ति का संचार महसूस होती है। रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मंडा पूजा कठिन तपस्या का पर्व है हमें इस त्यौहार को संजोकर रखने की आवश्यकता है। यह पर्व हमारा झारखंड का धरोहर है । मौके पर मुख्य रूप से पूजा समिति अध्यक्ष रामसुंदर महतो, सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश्वर महतो, संयोजक उमेश कुमार दांगी, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, विशेश्वर महतो, भुनेश्वर महतो, मुकुटधारी महतो, त्रिवेणी महतो, कन्हैया महतो, लोकनाथ कुमार, इंद्रू महतो, राम प्रसाद महतो, बालेश्वर महतो, उपेंद्र प्रसाद, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पंचायत चुनाव के 1 साल पूरा होने पर पंचायत समिति सदस्यों ने सुनाया अपना दुखड़ा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव में पंचायती चुनाव हुए पूरे एक साल हो गए हैं। पिछले साल 31 मई 2022 को पंचायती चुनाव का परिणाम घोषित किए गए थे। चुनाव जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं वार्ड सदस्य के लिए किया गया था। मामले को लेकर पंचायत समिति सदस्यों ने अपने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि अभी तक पंचायत समिति फंड से एक भी कार्य पंचायत या पूरे प्रखंड में नहीं किया जाना, यह पंचायत समिति सदस्यों को निशक्त बनाता है। सरकार के द्वारा पंचायत समिति सदस्यों को भी अधिक से अधिक वित्तीय शक्तियां दिया जाना चाहिए ताकि पंचायत स्तर पर साथ ही साथ प्रखंड में अच्छे काम किया जा सके। उप प्रमुख









बचनदेव कुमार ने बताया कि पंचायत चुनाव के इस 1 साल की सफर में पंचायत समिति सदस्यों को कुछ प्राप्त हुआ या ना हुआ पर घरेलू मामलों को निपटा कर पंचायती करने का अनुभव जरूर प्राप्त हुआ। सरकार को पंचायत समिति के माध्यम से योजना को धरातल पर उतारना चाहिए। बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव हुए 1 साल हो गए हैं लेकिन पंचायत समिति सदस्यों का अब तक प्रशिक्षण नहीं दिया जाना यह एक विचारणीय तथ्य है। पंचायत समिति सदस्य अब तक बिना प्रशिक्षण दिए ही पंचायत एवं प्रखंड में अपना योगदान दे रहे हैं। आगे उन्होंने सरकार के द्वारा जल्द से जल्द प्रशिक्षण देने की मांग की है। चेपाकला पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने कहा कि गांव में हम पंचायत समिति सदस्यों को सरपंच कहा जाता है लेकिन क्या हमें सरपंच का अधिकार प्राप्त है, झारखंड सरकार को हम पंचायत समिति सदस्यों को सरपंच की मान्यता देनी चाहिए। मुखिया के पास अधिक वित्तीय पावर होने के कारण वह पंचायत समिति सदस्यों को पंचायत में अहमियत नहीं देते हैं जबकि एक पंचायत समिति सदस्य उतने ही निर्वाचित क्षेत्रों से चुनकर आते हैं जितना की मुखिया। वित्तीय मामलों को लेकर प्रखंड के बहुत ऐसे पंचायत हैं जहां पंचायत समिति सदस्यों एवं मुखिया के बीच सामंजस्य नहीं बैठता है।






## झामुमो चलाएगी सदस्यता अभियान, ढाई लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित बजरंग होटल में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक आयोजित की गई । इस इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने एवम् संचालन जिला सचिव शमशूल होदा ने किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी का संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं विभिन्न मंच मोर्चा के गठन के लिए किया गया। इस बैठक में पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य, जिला समिति के पदाधिकारी एवं विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष के साथ-साथ सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करें साथ ही पार्टी में नए सदस्यों को जोड़ने का कार्य करें। बैठक में विभिन्न मंच मोर्चा के गठन के बारे में भी सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा परी. चर्चा की गई। लातेहार विधायक बैद्धनाथ राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता जोर शोर से लग जाएं, मैं और हमारी पार्टी आम जनता के साथ-साथ अपने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए जी जान लगा देगी। कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों का लाभ आम जनता को दिलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं, महिलाओं एवं अन्य को पार्टी की सदस्यता दिला कर झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़ने का कार्य करें। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न प्रखंडों में सदस्यता अभियान चलाने के लिए झामुमो जिला समिति द्वारा प्रखंड प्रभारियों की नियुक्ति की गई, प्रखंड प्रभारियों की देखरेख में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। लातेहार जिले में दो से ढाई लाख नए सदस्य जोड़े जाएंगे। मौके पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे,पपन खान, मुस्तकीम खान, मनोज चौधरी,सीतमोहन मुंडा, शुभम् गिरि, उपेन्द्र यादव,गोपाल सिंह, वासुदेव यादव, सुदामा प्रसाद गुप्ता, मानिक गंझू, जिला परिषद् सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, वारिश अंसारी, निर्मला उरांव,अनिता देवी, ममता देवी, सुनैना कुमारी, मो इमरान,रेखा देवी, पॉल एक्का, प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव राजेन्द्र गंझू, रामवृक्ष गंझू, तौकीर मियां राजेश यादव, रंजीत उरांव,प्रदीप गंझू, एहसान अंसारी, परवेज, शमशुल, सदाम अंसारी इत्यादि अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल किया जा सकता है

**अपेम लाइव चंदवारा**




कोडरमा चंदवारा प्रखंड के मदंगुन्डी गाँव में स्थित वे टू सक्सेस कोचिंग क्लासेस के विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये जिसमें मैट्रिक में उरवाँ हाई स्कूल से इशांत कुमार ने 449 नंबर लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया एवं चंदवारा हाई स्कूल के विद्यार्थी युवराज कुमार 430 अंक , नितेश कुमार 425 अंक , सोनू कुमार 414 अंक , शीतल कुमारी 403 अंक एवं रचिता कुमारी 400 अंक प्राप्त कर कोचिंग का मान सम्मान बढ़ाया वही इंटर कला संकाय में डोली कुमारी 373 अंक , आरती कुमारी 371 अंक , आशीष कुमार 367 , प्रिया पंडित 360 अंक , नीलम कुमारी 345 अंक , रानी कुमारी 327 एवं कुसुम कुमारी 326 अंक इत्यादि बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त कर कोचिंग का मान बढाया द्य साथ ही इस कोचिंग के निर्देशक भोला कुमार ने बताया कि कड़ी मेहनत और लगन से ही सफलता हासिल किया जा सकता है तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जागृति महिला संघ एनटीपीसी ने सेनेटरी पैड वेल्डिंग मशीन का शुभारंभ किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**




बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की स्वयं सेवी संस्था जागृति महिला संघ के द्वारा बड़कागांव प्रखंड के त्रिवेणी अपैरल्स टैक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड में महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सेनेटरी पैड वें. डंग मशीन लगाई गई। यह सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन एनटीपीसी कोयला खनन परियोजनाओं द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के तहत अपनी परियोजनाओं के आसपास परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में लगाई जा रही है। सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन के लग जाने से इस कंपनी में काम करने वाली 200 से अधिक महिलाओं को सेनेटरी पैड के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। इस अवसर पर जागृति महिला संघ की पूर्व अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव ने उपस्थित महिलाओं को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन का उपयोग करने को कहा। ये मशीन स्वास्थ्य समस्याओं से निजात दिलाने में काफी कारगर साबित होंगी। इसके साथ ही महिलाओं को अपने पीरियड्स के दौरान काम करने में किसी तरह की समस्याएं नहीं आएगी, वे बेझिझक पब्लिक प्लेस पर निकल पाएंगी और अपने कामों को आसानी से कर पाएंगी। सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन में महज 05 के सिक्के डालने से उन्हें बाजारों में इससे कई गुना अधिक कीमत में बिकने वाले सेनेटरी पैड आसानी से मिल पाएंगे। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी श्रीवास्तव के अलावा जिज्ञासा बाल भवन की जनरल सेक्रेटरी दीपिका चौहान एवं जागृति महिला संघ की ज्वाइंट सेक्रेट्री सवरनी चौधरी भी मौजूद रहीं।

## द एजुकेशनल वर्ल्ड के विद्यार्थियों ने लहराया परचम पवन कुमार बने प्रखंड टॉपर

**अपेम लाइव चंदवारा**



चंदवारा प्रखंड अंतर्गत संचालित द एजुकेशनल वर्ल्ड कोचिंग संस्थान के विद्यार्थियों का कला संकाय में शत प्रतिशत रिजल्ट रहा ।कोचिंग संस्थान से पवन कुमार ने प्रखंड में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रखंड टॉपर रहा वही पवन कुमार प्रखंड से एकमात्र ऐसे विद्यार्थी रहे जिन्होंने जिले में 5वी स्थान प्राप्त कर कोचिंग और प्रखंड का नाम रौशन किया है । जानकारी देते हुए कोचिंग संस्थान के मुकेश कुमार ने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थान से कक्षा बारहवीं से 40 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से अंक प्राप्त कर सफल रहे जिसमे पवन कुमार 442 अंक ,पूजा कुमारी 422 अंक,उदय पंडित 421अंक ,हर्ष भारती 417अंक और काजल कुमारी 408 अंक लाने में सफल रही ।वही विगत कुछ दिनों पहले दसवीं कक्षा का भी परिणाम घोषित हुआ था जिसमे हमारे हमारे कोचिंग में अध्यनरत विद्यार्थियों ने अच्छे प्रतिशत अंक प्राप्त सफल रहे जिसमे अनमोल यादव 445 अंक ,काजल कुमारी 442 अंक,बसंत कुमार 431अंक , नीरज कुमार 428 अंक ,बादल कुमार 425 अंक और संजीत कुमार 422 अंक प्राप्त करने में सफल रहे। कोचिंग संस्थान के सोनू कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा कोचिंग संस्थान प्रखंड में विगत 7 वर्षो से शिक्षा का अलख जगा रहे है जिसका सुखद परिणाम यह है कि आए दिन यहां के बच्चे प्रखंड में बेहतर स्थान प्राप्त कर जिले में भी अपने प्रखंड का पहचान बना रहे हैं जो प्रखंड के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। मुकेश कुमार ने सफल हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रखंडवासियों ओर प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा है की इस नए सत्र से हमारे कोचिंग संस्थान में अनुभवी व योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण होकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करा रहे हैं जिसका सुखद परिणाम यह होगा कि आने वाला समय में हमारे कोचिंग के बच्चे बेहतर शिक्षा ग्रहण कर जिले में ही नहीं राज्य स्तर पर कोचिंग संस्थान को गौरवान्वित करने का काम करेंगे इस दिशा में हमलोग प्रयासरत है। उन्होंने यह भी बताया कि लगातार कोचिंग संस्थान से बच्चे बेहतर परिणाम ला रहे हैं इसका श्रेय कोचिंग संस्थान के अनुभवी व योग्य शिक्षकों को जाता है जिनके कड़ी परिश्रम ओर उचित मार्गदर्शन में विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर बेहतर अंक प्राप्त कर पाते है । उन्होंने प्रखंड के समाजसेवियों से भी यह अपील की है कि इस क्षेत्र में वैसे विद्यार्थी जो आर्थिक गरीबी के कारण पढ़ने से वंचित रह जाते हैं वैसे विद्यार्थियों को हमारे कोचिंग संस्थान निशुल्क शिक्षा ग्रहण कराती है जिनका आप दाखिला हमारे कोचिंग में करा सकते हैं।

## मृतक के घर पंहुचे भाजपा मंडल अध्यक्ष ,किया सहयोग


**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर पंचायत के इचाक निवासी स्व सोहरी देवी उम्र 55 पति बिगन गंझू की मृत्यु बीते दिन पहले वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही हो गए थी। मृतक अत्यंत ही गरीब परिवार से आते है और मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते है ।अचानक हुए मृत्य से पूरा परिवार सदमे में है ।बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवम एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार के साथ भाजपा परिवार मृतक के घर इचाक जा कर पीड़ित परिवार को शोक व्यक्त करते हुए 50 ाह चावल सहयोग रूप में देते हुए सरकार से उचित मुआवजा की मांग किया एवम हर सम्भव सहायता प्रदान करने की बात कही । मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार झाबर मुखिया पति बा. सुदेव उरांव बूथ अध्यक्ष नीरज सिन्हा गजेंद्र हिमांशु किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी बिनोद यादव अशोक यादव मुरारी गंजू देवलाल भगत बीरेंद्र गंझ्रु अवदेश साव करू लोहरा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## जैक बोर्ड 12 वीं में लैक्सिकन कोचिंग सेंटर का परिणाम रहा शत – प्रतिशत

**अपेम लाइव : बरही**







बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत तुर्कबाद में संचालित लैक्सिकन कोचिंग सेंटर का परिणाम जैक 12 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं संस्थान की छात्रा अंजू कुमारी ने 425 अंक लाकर संस्थान एवं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय गैड़ा की ट०पर रही। साथ ही सुधीर पंडित 405 अंक, सुजीत मोदी 403 अंक, खुशबू कुमारी 396 अंक, रूपा कुमारी 394 अंक, खुशबू कुमारी 388 अंक, जूली कुमारी 377 अंक, नीरज पंडित 374 अंक, तान्या कुमारी 371 अंक, भवानी कुमारी 369 अंक, मधु कुमारी 368 अंक, पुष्पा कुमारी 367 अंक, प्रिया कुमारी 365 अंक, बेबी कुमारी 364 अंक, लक्ष्मी कुमारी 357 अंक, अंजली कुमारी 345 अंक, नुरेशा खातून 341 अंक, अनिता कुमारी 332 अंक, सुमन पंडित 332 अंक, टुन्नू कुमारी 325 अंक एवं सुलेखा कुमारी ने 321 अंक लाकर संस्थान के साथ – साथ अपने माता – पिता और गुरुजनों का भी मान बढ़ाया है।

